हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 23 जुलाई 2025


तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री


11 कुलेश्वरनाथ मंदिर में शिवभक्तों का जनसैलाब...





12 मैनपुर-झरियाबाहरा-गोहरापदर मार्ग में सड़क...








प्रवेश प्रारंभ
BCA
PGDCA
DCA
B.P.Ed.
B.P.E.
B.COM
B.Sc (CS/IT)
PG Diploma in Yoga Edu.
AICTE एवं NCTE से मान्यता प्राप्त
(पं. र.वि.वि. रायपुर से सम्बद्ध)
नेताजी सुभाष कॉलेज बेलभाठा, अभनपुर

2011 से संचालित
शंकराचार्य
स्वामी स्वरूपानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, जुनवानी, भिलाई
B.Sc. NURSING & M.Sc. NURSING
प्रवेश के लिए संपर्क करें
मो.: 83193 47482, 81030 45003
Website : ssscn.ac.in


## विरोध : कांग्रेस ने ईडी की कार्रवाई को बताया राजनीतिक साजिश

# चैतन्य बघेल के खिलाफ ईडी कार्रवाई के विरोध में कांग्रेसियों ने किया चक्काजाम






हरिभूमि न्यूज ⏩ गरियाबंद

मंगलवार को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में गरियाबंद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तिरंगा चौक पर चक्काजाम किया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर यह आर्थिक नाकेबंदी दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक चली, जिससे एनएच-130 सी पर यातायात पूरी तरह से रुक गया। विधायक जनक ध्रुव ने केंद्र और प्रदेश की भाजपा सरकारों पर सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि /"सरकार की विफलताओं और गलत नीतियों को उजागर करने वाले विपक्षी नेताओं को झूठे मामलों में फंसाया जा रहा है। ध्रुव ने यह भी आरोप लगाया कि प्रदेश की जल, जंगल, जमीन को अडानी जैसे उद्योगपतियों को सौंपा जा रहा है और सरकारी संस्थाओं का निजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि भाजपा सरकार अपने निजी लाभ के लिए सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है और विरोध करने वालों पर झूठे मुकदमे लगाकर उन्हें प्रताड़ित कर रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू ने भाजपा पर असंवैधानिक तरीके से विपक्ष की आवाज दबाने का आरोप लगाया। जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम ने कहा कि भाजपा ने पूरे प्रदेश में लूट मचा रखी है और विरोध करने वालों को प्रताड़ित कर रही है।

### चक्काजाम में ये रहे मौजूद

इस अवसर पर विधायक जनक ध्रुव, जिला कांग्रेस अध्यक्ष भावसिंह साहू, संजय नेताम, ठाकुर ओंकार सिंह, युगल पांडेय, हाफिज खान, सन्नी मेमन, प्रेम सोनवानी, गौरव मिश्रा, अमित मिरि, योगेश साहू, राजेश साहू, अवध यादव, छगन यादव, दुर्गा प्रसाद सिन्हा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### 2 घंटे ठप रहा एनएच-130 सी



सरकारी एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

### ईडी का आरोप और कांग्रेस का जवाब

ईडी ने 18 जुलाई को चैतन्य बघेल को भिलाई से गिरफ्तार किया था। ईडी का आरोप है कि चैतन्य को 16.70 करोड़ नकद मिले, जिसे उन्होंने रियल एस्टेट में निवेश किया। यह रकम कथित तौर पर शराब घोटाले से जुड़ी बताई जा रही है, जिसमें 1000 करोड़ से ज्यादा की हेराफेरी का आरोप है। इस मामले में चैतन्य के अलावा अनवर ढेबर, दीपेन चावड़ा, केके श्रीवास्तव और पप्पू बंसल के नाम भी शामिल हैं। हालांकि, कांग्रेस इस कार्रवाई को पूरी तरह से राजनीतिक साजिश बता रही है।

# सरकड़ा स्कूल में उपसरपंच की दादागिरी, शिक्षकों को धमकाया

हरिभूमि न्यूज ⏩ छुईहा बेलर

गरियाबंद जिले के सरकड़ा स्कूल में एक छात्र से जुड़ी घटना के बाद उपसरपंच शेखर निषाद पर शिक्षकों को धमकाने और शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगा है। शिक्षकों का कहना है कि उपसरपंच पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बदले की भावना से शिकायत कर रहे हैं। विगत दिनों सरकड़ा स्कूल में चाकू से संबंधित एक घटना सामने आई थी, जिसे प्रशासन ने गंभीरता से लिया और स्कूल पहुंचकर जांच की। प्रशासन की इस सकारात्मक पहल से नाराज होकर बच्चे के माता-पिता और उनके परिवार ने इस मामले को तूल दे दिया। उपसरपंच शेखर निषाद ने 21 जून को ग्रामीणों और पालकों को बरगलाकर शिक्षकों के खिलाफ बीईओ कार्यालय, फिंगेश्वर में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिक्षिका लता सोनी और शिक्षक जयप्रकाश सिन्हा पर मोबाइल पर लगे रहने और समय पर स्कूल न आने जैसे मनगढ़ंत आरोप लगाए। उन्होंने शिक्षकों को न हटाने पर उग्र आंदोलन की धमकी भी दी।

### मानसिक उत्पीड़न और मध्याह्न भोजन बाधित

शिक्षिका लता सोनी ने बताया कि स्कूल की घटना का संज्ञान प्रशासन ने स्वयं लिया था। जांच के बाद, उपसरपंच शेखर निषाद और शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष अशोक सेन ने शिक्षकों पर बच्चे की शिकायत क्यों की?/" कहकर दबाव बनाया। शिक्षिका ने आरोप लगाया कि उपसरपंच ने ग्रामीणों से कहा कि स्कूल के किसी भी कार्यक्रम में न आएं, और जो आएगा उसे 10,000 का दंड भुगतना पड़ेगा। इसके साथ ही, मध्याह्न भोजन बनाने वाले रसोइयों को भी स्कूल आने से मना कर दिया गया, जिससे पिछले दो दिनों से बच्चों को मध्याह्न भोजन नहीं मिल पा रहा है। इस प्रकार, उपसरपंच की तानाशाही से स्कूल के शिक्षक परेशान हैं और बच्चों को भोजन से वंचित होना पड़ रहा है। इस बात की जानकारी स्कूल की शिक्षिका द्वारा ग्राम प्रमुख सरपंच, एसएमसी अध्यक्ष और बीईओ कार्यालय को दे दी गई है, और बच्चों के भोजन के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की गई है।

# एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन कर कृषि योजनाओं का लाभ उठाएं

## धान खरीदी के लिए एग्रीस्टेक जरूरी

**गरियाबंद।** शासन द्वारा कृषि क्षेत्र में डिजिटल क्रांति लाने की पहल की जा रही है। एग्रीटेक परियोजना के तहत जिले के हर किसानों का डिजिटल फार्मर आई.डी. (किसान कार्ड) एवं कृषि भूमिधारक का कृषि भूमि पहचान पत्र बनाया जा रहा है। राज्य शासन द्वारा इसके जरिये किसानों को कृषि योजनाएं जैसे- धान खरीदी, कृषक उन्नति योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, उर्वरक अनुदान, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना, कृषि यंत्र अनुदान आदि सभी योजनाओं का सीधा लाभ ⏩ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### सब्जी व्यवसायी से मारपीट, जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** बिरकोनी में सब्जी व्यवसायी से मारपीट की घटना की रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ सिटी कोतवाली में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को हेमंत पटेल वार्ड नं. 08 ग्राम बिरकोनी ने बताया कि 20 जुलाई को वह खेमचंद यादव के साथ चाय पीने के लिए देवांगन चाय दुकान के पास गया थे, वहां पर पहले से मौजूद मुकेश निषाद और वेद प्रकाश साहू ने पुरानी रंजिश को लेकर गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देकर मारपीट की। बीचबचाव करने पर उसके दोस्त खेमचंद यादव केसाथ भी मारपीट की गई। मामले में आरोपियों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### कांवरियों के लिए सेवा कार्यक्रम कौवाझर में 26 को

**महासमुंद।** पंडित जयलाल प्रसाद शर्मा (वार्ड 22) और बस स्टैंड युवा समिति महासमुंद द्वारा बोलबम कांवरियों के लिए सेवा और भंडारा का आयोजन 26 जुलाई शनिवार को ग्राम कौवाझर में किया गया है। यह कार्यक्रम शाम 6 बजे से शुरू होकर अगले दिन सुबह 8 बजे तक चलेगा। समिति के सदस्य चंद्रशेखर बेलदार ने बताया कि यह आयोजन काँवरियों की सेवा और धार्मिक सौहार्द को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

### छग वासियों से धोखा कर रही भाजपा सरकार : विनोद

**महासमुंद।** कांग्रेसजनों ने पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर के नेतृत्व में नदी मोड़ घोड़ारी ओवरब्रिज पर नाकेबंदी की। इस दौरान कांग्रेसजनों ने ईडी व अडाणी के विरोध में जमकर नारेबाजी की तथा भाजपा सरकार के राजनीतिक कार्रवाई की आलोचना की। इस दौरान नेशनल हाईवे 53 के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गई थी।

# रेत घोटाला, फर्जी रसीद कांड के मास्टरमाइंड अब भी फरार

## कोपरा में अवैध रेत खनन पर कार्रवाई के बाद भी मास्टरमाइंड पर खामोशी

हरिभूमि न्यूज ⏩ गरियाबंद

नगर पंचायत कोपरा में अवैध रेत उत्खनन और परिवहन पर की गई बड़ी कार्रवाई के 24 दिन बाद भी मामले का रहस्य गहराता जा रहा है।

- फर्जी नगर विकास दान पत्र का रहस्य बरकरार

'नगर विकास दान पत्र' नामक फर्जी रसीद के खुलासे ने पूरे जिले में हड़कंप मचा दिया था, लेकिन अब तक न तो इस घोटाले के मास्टरमाइंड पकड़े गए हैं और न ही जिम्मेदार अधिकारियों पर कोई ठोस कार्रवाई की गई है। प्रशासनिक चुप्पी से यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह प्रकरण भी राजनीतिक दबाव में दबा दिया जाएगा?

**फर्जी रसीदों से अवैध उगाही और कृषि समिति की अनभिज्ञता-** नगरवासियों को गुमराह कर कुछ लोगों ने फर्जी रसीदों के जरिए अवैध उगाही की। कोपरा कृषि समिति ने स्पष्ट किया है कि उन्हें रेत खदान को लीज पर देने की कोई जानकारी नहीं थी, जिससे यह प्रमाणित होता है कि पूरा खेल गैरकानूनी था। कार्रवाई से चार दिन पहले, 24 जून की शाम 7:08 बजे जारी रसीद क्रमांक 191 इसका ठोस सबूत है, जिसमें अजय साहू के नाम पर पांडुका से तीन ट्रिप के लिए 600 की वसूली दर्ज है। यह दस्तावेज दर्शाता है कि /"नगर विकास के नाम पर अवैध उगाही बेखौफ चल रही थी।

**कृषि समिति की बैठक में सामने आए नाम-** हाल ही में नगर के हनुमान मंदिर में हुई कृषि समिति की बैठक में चार नाम सामने आए। सूत्रों के अनुसार, इनमें से कुछ ने स्वीकार किया कि रेत खनन और परिवहन उन्हीं के द्वारा किया जा रहा था। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि पैरी नदी में ⏩ शेष पेज 10 पर


नगर विकास दान पत्र की फर्जी रसीदें से अवैध वसूली का खुलासा
जिले में अवैध रेत परिवहन पर प्रशासन का शिकंजा, 6 वाहन जब्त, फर्जी रसीदें मिलीं


फर्जी रसीद, कोई वैधानिक आधार नहीं
कोपरा में अवैध रेत उगाही का गोरखधंधा
दान पत्र की फर्जी रसीद से हो रही वसूली

### कार्रवाई के बाद भी जांच ठंडी

कलेक्टर के निर्देश पर 28 जून की सुबह खनिज और राजस्व विभाग की टीम ने कोपरा क्षेत्र में दबिश दी और चार ट्रैक्टर जब्त किए। मौके से कई फर्जी रसीदें भी बरामद की गईं, जिसकी पुष्टि एसडीएम विशाल महाराणा ने की थी। आरोपियों को एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, लेकिन उसके बाद जांच धीमी पड़ गई है।

## सुबह से देर शाम तक खेतों में हलचल

# मैनपुर में धान की रोपाई कार्य तेज

हरिभूमि न्यूज ⏩ मैनपुर

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर क्षेत्र में इन दिनों किसान धान की रोपाई का कार्य तेजी से कर रहे हैं। पिछले चार दिनों से रुक-रुक कर हो रही बारिश ने खेती-किसानी के काम में गति ला दी है। हालांकि, किसानों के पास समय कम है और मजदूरों की कमी के चलते उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यही वजह है कि सुबह से देर रात तक किसान खेतों में ही समय बिता रहे हैं, जिससे दिनभर गांवों की गलियां सन्नाटा पसरी रहती हैं। मैनपुर क्षेत्र में इस समय प्रति एकड़ धान की रोपाई पर मजदूरों की लागत लगभग 5,000 आ रही है। वहीं, ट्रैक्टर से जुताई के लिए 1,400 से 1,500 और बैल से जुताई के लिए 400 तक का खर्च आ रहा है। मजदूरों की कमी को पूरा करने के लिए किसान ओडिशा से भी मजदूर बुला रहे हैं, ताकि समय पर रोपाई का काम पूरा हो सके।

**मानसून पर निर्भर खेती और किसानों का संघर्ष-** मैनपुर वनांचल क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का घोर अभाव है, जिसके कारण किसान पूरी तरह मानसून पर निर्भर रहते हैं। रुक-रुक कर हो रही बारिश का किसान ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाना चाहते ⏩ शेष पेज 10 पर

### मजदूरों की कमी से किसान परेशान






हरिभूमि
समाचार ही नहीं, विचार भी

माह अगस्त 2025
जन्मदिन उत्सव फॉर्मेट

नोट : 1 अगस्त से 31 अगस्त तक जिन पाठकों का जन्मदिन हो अपना फॉर्मेट भरकर 25 जुलाई 2025 तक जमा कर सकते हैं।

अब हर माह आप बनेंगे भाग्यशाली विजेता

महाबम्पर ड्रॉ में शामिल होने का सुनहरा अवसर

प्रथम पुरस्कार: 1 तोला, 5 नग सोने का हार
द्वितीय पुरस्कार: 1 स्कूटी (EV)
तृतीय पुरस्कार: 2 नग रेफ्रीजरेटर
चतुर्थ पुरस्कार: 3 नग LED TV
सांत्वना पुरस्कार: 1100

नियम व शर्तें लागू

कार्यालय प्रति

पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________
पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________
स्थान ____________ जिला ____________
एजेंसी का नाम ____________
एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

नियम व शर्तें : 1. हर माह जन्मदिन उत्सव फॉरमेट प्रकाशित किया जायेगा। योजना में भाग लेने के लिए पाठकों को हरिभूमि में प्रकाशित फार्मेट को भरकर हरिभूमि कार्यालय, ब्यूरो कार्यालय या अपने एजेंट/एजेंसी के पास जमा कर सकते हैं। 2. हरिभूमि के नये एवं पुराने पाठक इसमें भाग ले सकते हैं, जन्मदिन के फार्मेट एक माह पहले मंगाये जायेंगे, उनके जन्मदिन पर उन्हें सुनिश्चित उपहार दिया जायेगा। 3. प्राप्त जन्मदिन के फार्मेट को एकत्रित कर महाबम्पर ड्रा में शामिल किया जायेगा जिसका ड्रॉ नवम्बर 2025 में किया जायेगा। 4. जन्मदिन फार्मेट के साथ आधार कार्ड या जन्म प्रमाण पत्र की छायाप्रति के साथ 3 माह अखबार का मासिक बिल लगाना अनिवार्य होगा। 5. जन्मदिन फार्मेट की फोटो कापी मान्य नहीं होगी। 6. राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार के सभी नियम लागू होंगे। इस योजना के विजेता को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगी। हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। किसी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। हरिभूमि कर्मचारी, एजेंट व उनके परिवार के सदस्य इस योजना के पात्र नहीं हो सकते। 7. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते है।

हरिभूमि — ग्राहक प्रति — जन्मदिन उत्सव

पाठक का नाम ____________ मो.नं. ____________
पिता का नाम ____________ जन्मतिथि ____________
स्थान ____________ जिला ____________
एजेंसी का नाम ____________
एजेंसी का पता ____________ मो.नं. ____________

## खबर संक्षेप



### तामेश्वर महादेव मंदिर में हुई प्राण-प्रतिष्ठा

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के तामेश्वर महादेव मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा का अनुष्ठान हुआ। मंगलवार को धीवर समाज द्वारा प्राण-प्रतिष्ठा पूरे विधि विधान के साथ पधारे महाराज पंकज तिवारी द्वारा कराया गया। इस दौरान तामेश्वर महादेव का रुद्राभिषेक एवं दिव्य श्रृंगार के साथ पूर्णाहुति, हवन एवं विशाल भंडारे का आयोजन भी किया गया, जहां प्रसाद लेने श्रद्धालु उमड़े। धीवर समाज और कुछ लोगों के सहयोग से तामेश्वर महादेव मंदिर को बनाया गया है। इसमें सुखनंदन, भीखम, लक्ष्मीचंद, तेजू, रामचंद्र, पोखना, रामानंद, हीरालाल,लीनू, ओमकार, राजेंद्र, भूषण अश्वनी, रामा, कृष्ण, राजू, रमेश, सुरेश, नारद, मोहन, भागवत, उमेश, महेश आदि शामिल है।

### छत्तीसगढ़ की सड़कें खराब, कमीशनखोरी मुख्य वजह : राकेश

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के



जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने छत्तीसगढ़ की सड़कों के जर्जर स्थिति पर कहा कि छत्तीसगढ़ में हाईवे सहित सभी मुख्य सड़कों की जर्जर हालत गंभीर समस्या बन चुकी है। कई राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे, टूटी सतह और उचित मरम्मत की कमी से दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। ग्रामीण इलाकों को जोड़ने वाले हाईवे भी बदहाल स्थिति में हैं, जिससे यातायात प्रभावित हो रहा है।



### विद्यालय में 25 फलदार पौधों का किया रोपण

**महासमुंद।** सिरपुर नगर में स्थित गायत्री चेतना केंद्र में विशेष साधना कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें महासमुंद गायत्री शक्तिपीठ से महिला मंडल की टीम तथा समस्त सरेकेल क्षेत्र के श्रद्धालु परिजनों ने सक्रिय सहभागिता की। इस अवसर पर साधना पक्ष के अंतर्गत पर्यावरण संवर्धन की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिरपुर परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम हुआ। इस आयोजन में विद्यालय की प्राचार्य उमा ठाकुर, समस्त शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं, महिला मंडल (गायत्री शक्तिपीठ, महासमुंद) सिरपुर में अनुष्ठानरत वरिष्ठ कार्यकर्ता तथा सरेकेल इकाई के समर्पित कार्यकर्तागण उपस्थित रहे। सभी के सामूहिक सहयोग से विद्यालय परिसर में 25 फलदार पौधों का रोपण किया गया।

**प्रदर्शन : कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ जमकर की नारेबाजी**

# ईडी की कार्रवाई के विरोध में आर्थिक नाकेबंदी बागबाहरा टेमरी चौक में कांग्रेस का चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर तथा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई कथित अनुचित गिरफ्तारी के विरोध में आज प्रदेशव्यापी आर्थिक नाकेबंदी की गई। इसी क्रम में बागबाहरा के टेमरी चौक में दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक शांतिपूर्ण चक्काजाम आंदोलन आयोजित किया गया। इस आंदोलन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ शासन के खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने किया। बड़ी संख्या में कांग्रेस के विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी व कार्यकर्ता तथा नागरिकगण इस आंदोलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भाजपा की केंद्र और राज्य सरकारों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार अडानी समूह को बचाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। कांग्रेसजनों ने इस कार्रवाई को राजनीतिक प्रतिशोध और लोकतंत्र पर सीधा हमला बताया।

टेमरी चौक पर हुए इस विरोध प्रदर्शन को विधायक द्वारकाधीश यादव सहित ओबीसी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष केशव चंद्राकर, कृषक कल्याण परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष महेंद्र चंद्राकर, शहर कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ठाकुर, बागबाहरा ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रवि निषाद, कोमाखान कांग्रेस अध्यक्ष संतोष पटेल, पर्यटन मंडल के पूर्व सदस्य अंकित बागबाहरा, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा सागर, गणेश शर्मा, पूर्व मंडी अध्यक्ष तेजन चंद्राकर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष ताम्रध्वज बघेल, आदिवासी नेता मनोहर ठाकुर इत्यादि ने संबोधित किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर पालिका उपाध्यक्ष देवेश साहू, राजेश सोनी, हेमसिंह नायक, पारस सोनवानी दानेश्वर विश्वकर्मा, सेवाराम साहू, नंदकुमार निषाद, धनराज चंद्राकर, राजेश त्रिपाठी, हेमलाल साहू, रमेश ठाकुर, अंजोर ठाकुर, विष्णु महानंद, सेतराम बघेल, डुमन लाल यादव, शहजान पाशा, शिव उपाध्याय, दयाराम पारकर, लोकेश दीवान, शिवा जगत, लोकेश उईके, हबीब खान, तूफान दीवान, नवनीत सलूजा, लखबीर छाबड़ा बसंता ठाकुर, पंकज हरपाल, डुमरौतिन ठाकुर, रीना यादव, सविता ठाकुर, चंदूलाल साहू, शांत साहू, हीरालाल धीवर, सफी मोहम्मद कमल साहू, अंजोर ठाकुर, प्रदीप यादव, राजू जैन, शिवचरण कुर्रे, समीम खान, बड़ा खान, अभिषेक यादव, कृष्णा हरपाल, राजू यादव, राहुल यादव, वाजिद खान, प्रीतम साहू, दिनेश मोगरे, भुवन साहू, हरिशंकर यादव, मंता यादव, ओंकार ठाकुर, विकास चंद्राकर, तुलाराम ठाकुर, डिगेश्वर देवांगन, धनेश्वरी ठाकुर, उपेंद्र दीवान, मानसिंह ठाकुर, प्रभु यादव, चैतराम ठाकुर, देवनारायण ठाकुर, संतोष सहित कांग्रेस के विभिन्नप्रकोष्ठ के पदाधिकारी व सदस्य गणतथा बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक गण उपस्थित रहे।



### विधायक का तीखा प्रहार: खनिज और जंगल की लूट पर अब चुप नहीं बैठेंगे

अपने उद्बोधन में विधायक द्वारिकाधीश यादव ने कहा कि अडानी समूह छत्तीसगढ़ की प्राकृतिक संपदा जंगल, खनिज, जल और जमीन को लूट रहा है। यह लूट भाजपा सरकार के संरक्षण में हो रही है। जंगलों की अंधाधुंध कटाई कर आदिवासियों को उजाड़ा जा रहा है, खनिज संपदा को ट्रकों में भरकर राज्य से बाहर भेजा जा रहा है, जिससे न केवल छत्तीसगढ़ की आर्थिक रीढ़ तोड़ी जा रही है बल्कि यहां के पर्यावरण को भी गंभीर क्षति पहुंचाई जा रही है। विधायक यादव ने चेतावनी दी कि जो भी इस लूट का विरोध करता है, उसके खिलाफ ईडी, सीबीआई, आयकर विभाग, एसीबी, ईओडब्ल्यू और पुलिस जैसी संस्थाओं का दमनात्मक उपयोग किया जा रहा है। सरकार लोकतंत्र में मिले आंदोलन के अधिकार को कुचलने पर तुली है, लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता डरने वाले नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हसदेव अरण्य और तमनार जैसे क्षेत्रों में आदिवासी वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं ताकि उनके जंगल, जमीन और जीवन बचे रह सकें। लेकिन भाजपा सरकार ने अडानी को खुली छूट दे रखी है। विरोध करने वालों को फर्जी मुकदमों में फंसाया जा रहा है, उन पर लाठियां बरसाई जा रही हैं, उनका खून बहाया जा रहा है। विधायक ने कहा कि यह लड़ाई अब केवल कांग्रेस की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की अस्मिता, पर्यावरण और संसाधनों को बचाने की लड़ाई है। भाजपा सरकार अडानी की गोद में बैठकर आम जनता की पीठ पर छुरा घोंप रही है। लेकिन कांग्रेसजन अब चुप नहीं बैठेंगे। जनता को संगठित कर इस तानाशाही और पूंजीवादी लूट का डटकर मुकाबला किया जाएगा। आर्थिक नाकेबंदी का यह आंदोलन छत्तीसगढ़ के जनप्रतिनिधियों, किसानों, युवाओं, आदिवासियों और पर्यावरण प्रेमियों की एकजुट आवाज है। यह आंदोलन आज एक संदेश दे गया, छत्तीसगढ़ बिकाऊ नहीं है, लड़ेगा और अपने जंगल-जमीन-जन को बचाएगा। विधायक यादव ने अंत में कहा कि कांग्रेस का संघर्ष केवल सत्ता के खिलाफ नहीं, बल्कि संसाधनों की रक्षा, जनहित, और लोकतंत्र की पुनर्स्थापना के लिए है। यह आंदोलन आगे भी चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा।

## स्वास्थ्य मिशन की भर्ती में युवाओं को डीडी की हो रही है समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

गरियाबंद के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 113 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी हुई है, जिसके लिए आवेदन की अंतिम तिथि 28 जुलाई है। इस बीच, आवेदकों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विभाग ने डीडी (डिमांड ड्राफ्ट) की राशि आवेदक के स्वयं के नाम से जारी चेकबुक से जमा करना अनिवार्य किया है, जिससे उन अनेक बेरोजगारों के लिए मुश्किल हो रही है जिनके पास अपना चेकबुक नहीं है। वहीं, बैंक ऑफ बड़ौदा, फिंगेश्वर में नकद राशि जमा कर डीडी बनाने को प्राथमिकता नहीं दी जा रही है, जिससे कई आवेदक फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं।

### पोस्ट ऑफिस में यूपीआई भुगतान शुरू पर तकनीकी समस्या

दूसरी ओर, पोस्ट ऑफिस में सॉफ्टवेयर 2.0 के तहत यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान मंगलवार से शुरू कर दिए गए हैं। हालांकि, नया सॉफ्टवेयर लॉन्च होने से ऑपरेटरों को दिक्कत हो रही है और उपभोक्ताओं का काम समय पर नहीं हो पा रहा है। फिंगेश्वर पोस्ट ऑफिस में दूर-दराज के गांवों से पहुंचे आवेदकों को भी खाली हाथ वापस लौटना पड़ रहा है। पोस्टमास्टर वीरेंद्र सिन्हा और डाक सेवक खेमराज साहू ने बताया कि नए सॉफ्टवेयर में सर्वर और तकनीकी समस्या आ रही है, लेकिन एक-दो दिन में यह सामान्य हो जाएगा। वीरेंद्र सिन्हा ने इस नई सुविधा के उद्देश्य पर कहा कि यह डिजिटल इंडिया और कैशलेस अर्थव्यवस्था के राष्ट्रीय दृष्टिकोण से जुड़ना है, खासकर ग्रामीण और अर्ध-शहरी आबादी के लिए डिजिटल वित्तीय सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देना है। यह सुविधा डाक विभाग को आधुनिक बनाने और ग्राहकों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे अब पोस्ट ऑफिस में नकद भुगतान के साथ-साथ यूपीआई के माध्यम से भी भुगतान किया जा सकेगा।

## पार्षद जानकी के नेतृत्व में हुआ मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम के वार्ड क्रमांक 3 सरदार वल्लभभाई पटेलपारा में पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में वार्ड में निशुल्क नेत्र परीक्षण 100 लोगों का कराया गया। जिसमें लगभग 50 लोगों को निशुल्क चश्मा वितरण तथा 20 लोगों के आँखो में मोतियाबिंद के संकेत मिले थे। जिसमें से 10 लोगों को एमजीएम हॉस्पिटल भेजकर मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन कराया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता अधिवक्ता आशीष शिंदे, पार्षद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, किसान सेवा समिति के अध्यक्ष भागवत साहू ने मरीजो को सकुशल घर तक पहुंचाया। निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर में आशीष शिंदे ने कहा कि जन सेवा ही प्रभु सेवा है, जो, लोगों की सच्ची सेवा करते है उन्हें



भगवान की सेवा के रूप उनका फल मिलता है। हमारे वार्ड में पार्षद जानकी पटेल के नेतृत्व में शानदार निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया वह बहुत ही सराहनीय पहल है, लोग जानकारी के अभाव में आंखो का सही समय पर इलाज नहीं होने से शारीरिक एवं आर्थिक रूप से बहुत नुकसान होता है लेकिन वार्ड पार्षद जानकी पटेल की सजगता और सक्रियता के कारण आंखों का परीक्षण कर निशुल्क चश्मा वितरण तथा मोतियाबिंद से पीड़ित लोगों का निशुल्क ऑपरेशन करवाना वास्तव में बहुत बड़ा पुण्य का कार्य है। उनके इस कार्य के लिए पूरे वार्डवासियों सहित महेश पटेल, रवीना सेन, देवराज पटेल, जितेंद्र सेन, भरत सेन, दानू सेन, अशोक पटेल, मेहतर पटेल, राधा पटेल, शांति पटेल, मोंगरा पटेल ने पार्षद जानकी पटेल को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## कस्तूरबा विद्यालय व कन्या छात्रावास की बालिकाओं को आत्मरक्षा एवं करियर मार्गदर्शन का मिला प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिथौरा

बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत गत दिनों कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय तथा प्री-मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में अध्ययनरत बालिकाओं के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण और करियर काउंसिलिंग का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण महासमुंद से पधारे अनुभवी प्रशिक्षकों कुलेश्वर राम ध्रुव वित्तीय साक्षरता समन्वयक विशेषज्ञ व ललित कुमार कराटे प्रशिक्षक द्वारा प्रदान किया गया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाना, विषम परिस्थितियों में अपने बचाव के लिए सक्षम करना तथा भविष्य की शिक्षा व करियर को लेकर उचित दिशा प्रदान करना रहा। प्रशिक्षकों ने बालिकाओं को आत्मरक्षा के व्यावहारिक तरीके सिखाए और 10वीं व 12वीं के



बाद उपलब्ध करियर विकल्पों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने आत्मविश्वास के साथ अपने भविष्य के सपनों और लक्ष्य साझा किए। साथ ही प्रशिक्षकों ने मासिक धर्म स्वच्छता और व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तृत जानकारी दी, जिससे बालिकाओं में जागरुकता बढ़ी। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग से सीडीपीओ रतन तंवर, पर्यवेक्षक मीना लाल, संगीता साहू तथा कस्तूरबा गांधी विद्यालय की प्राचार्य लुनेश्वरी बिसेन, विशेष रूप से उपस्थित रहीं। रतन तंवर ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि आज की बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। अतः उन्हें अपने भीतर आत्मविश्वास, आत्मरक्षा और स्वच्छता के संस्कार को सशक्त बनाना चाहिए।

### पूनम बने अभा कूर्मि क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कूर्मि



क्षत्रिय महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर छत्तीसगढ़ के पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर की नियुक्ति की गई है। पूनम चंद्राकर की नियुक्ति अखिल भारतीय कूर्मि क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सर्वेश कटियार की सहमति से की गई है। पूनम चंद्राकर की नियुक्ति करते हुए महासभा ने यह आशा व्यक्त किया गया है कि आपके मनोनयन से समाज को गति मिलेगी और संगठन मजबूत होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि उनकी नियुक्ति पर समाजजनों में हर्ष व्याप्त है।

पेज 9 के शेष...

### एग्रीस्टेक पोर्टल पर...

प्राप्त हो सकेगा। जिले में एग्रीस्टेक योजना के तहत समस्त कृषकों का निःशुल्क पंजीयन हेतु सभी लोक सेवा केन्द्र, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों को निर्देशित किया गया है। किसान भाईयों से अपील की जाती है कि वे आवश्यक दस्तावेज जैसे - आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका व बी-1 की छायाप्रति एवं आधार कार्ड में लिंक मोबाईल नंबर के साथ अपने नजदीकी लोक सेवा केन्द्र, प्राथमिक सेवा सहकारी समिति एवं आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों में जाकर निःशुल्क पंजीयन जल्द से जल्द करा लेवें। कृषकगण एग्रीस्टेक पोर्टल पर जाकर अपना स्वः पंजीयन भी कर सकते है। एग्रीस्टेक पोर्टल पर पंजीयन के संबंध में किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी, लोक सेवा केन्द्र एवं सहकारी समितियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

### रेत घोटाला, फर्जी...

खनन की अनुमति न तो ग्राम स्तर पर दी गई थी और न ही नगरवासियों को इसकी जानकारी थी। यह पूरा खेल नगर के कुछ प्रभावशाली लोगों की सेटिंग से चल रहा था।

**एसडीएम का बयान और भविष्य की कार्रवाई-**
एसडीएम विशाल महाराणा ने बताया कि कुछ लोगों के बयान दर्ज किए गए हैं, जिन्होंने गौशाला संचालन के लिए रेत खनन और परिवहन करने की बात स्वीकार की है। एसडीएम ने कहा कि मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर गरियाबंद को भेजी जाएगी, जिसके बाद कार्रवाई तय होगी।

### मैनपुर में धान...

हैं, इसलिए वे दिन-रात एक करके खेती-किसानी का काम जल्द से जल्द पूरा करने में जुटे हैं। ग्रामीण वनांचल क्षेत्र के गांवों में इन दिनों सन्नाटा पसरा हुआ है, क्योंकि सुबह होते ही किसान परिवार के साथ खेतों की ओर निकल जाते हैं और देर शाम या रात तक काम करके घर लौटते हैं।

**22 हजार हेक्टेयर में धान की खेती, 60% रोपाई पूरी-**
मैनपुर विकासखंड क्षेत्र में लगभग 22 हजार हेक्टेयर में धान की खेती और 11 हजार हेक्टेयर में मक्का की खेती खरीफ सीजन में एक साथ की जाती है। अभी तक मैनपुर क्षेत्र में केवल 60 प्रतिशत किसानों ने ही धान की रोपाई का कार्य पूरा कर पाया है और रोपाई का काम अभी भी जारी है। मजदूरों की कमी के चलते किसानों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जिन किसानों के पास खुद का ट्रैक्टर और हल है, वे अपने खेतों में जुताई और मतई का काम कर रहे हैं। मैनपुर क्षेत्र के भाठीगढ़, हरदीभाठा, गोपालपुर, देहारगुड़ा, जाड़ापदर, जिड़ार, तुहामेटा, मैनपुरकला, बोईरगांव, साल्हेभाठा, धरनीधोड़ा, तेतलखुटी, झरगांव, गुरजीभाठा, अड़गड़ी, शोभा, खजुरपदर, तौरेंगा, जागड़ा, अमाड़, अड़गड़ी, शोभा, गौरगांव, कोकड़ी, गोना, भुतबेड़ा, कुचेंगा, कोयबा, बुड़गेलटप्पा, इंदागांव, साहेबिनकछार, गरहाडीह जैसे क्षेत्रों में किसान धान की रोपाई में लगे हुए हैं, जबकि कुछ किसान अभी धान भिगोकर लाई निकालकर बुवाई भी कर रहे हैं।

**सरहद पर डटे वीर जवानों की कलाई न रहे सूनी, इसलिए गांवों की महिलाएं भेज रही रक्षासूत्र**

## आंगनबाड़ी व महतारी वंदन के लाभार्थी महिलाओं ने भेजे रक्षासूत्र, पत्र भी लिखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली

रक्षाबंधन पर्व के पहले छत्तीसगढ़ में देशभक्ति और



भाईचारे की अद्भुत मिसाल पेश की गई। सरायपाली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओ और महतारी वंदन की हितग्राहियों ने सीमाओं पर तैनात देश के जाबाज सैनिकों के लिए रक्षासूत्र और भावनाओं से भरे पत्र भेजकर यह जताया कि उनका रक्षक सिर्फ उनका भाई ही नहीं, बल्कि सरहद पर डटे वीर जवान भी हैं। यह पहल न केवल रक्षाबंधन को एक नया आयाम देती है, बल्कि देश के प्रति नागरिक जिम्मेदारी और भावनात्मक एकजुटता का भी परिचायक है। छत्तीसगढ़ की धरती से उठी यह आत्मीय भावना एक संदेश है जब तक सैनिक जागते हैं, तब तक देश चैन से सोता है। और उनकी कलाई पर बंधा रक्षासूत्र, पूरे भारत की बहनों की प्रार्थना का प्रतीक है। महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और महतारी वंदन योजना से लाभान्वित महिलाओं ने स्वयं के हाथ से लिखे गए पत्रों और रक्षासूत्रों को सौंपते हुए आग्रह किया कि ये निश्छल भावनाएं सीमा पर तैनात जवानों तक जरूर पहुंचवाएं। इन रक्षासूत्रों में नारी शक्ति की दुआएं और कृतज्ञता छिपी है, जो हमारे सैनिकों के मनोबल को और ऊंचा करेगी।

## देशभक्ति की प्रेरणा लिए बिरकोनी की महिलाओं ने जवानों के लिए भेजी राखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिरकोनी

आगामी 9 अगस्त को रक्षाबंधन पर्व मनाया जाएगा।



भारतीय सीमाओं पर तैनात भारतीय जवानों के लिए राखियां भेजे जाने की पहल शुरू हो गया है। ग्राम बिरकोनी की महिलाओं ने देश की सीमा पर तैनात जवानों के लिए रक्षासूत्र भेजा है। वंदे मातरम, भारत माता की जयकारों के साथ राखियां एकत्रित कर देश के सैनिकों तक पहुंचाने का लक्ष्य आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास जमा कर रहे है। सरपंच चंदन चंद्राकर ने बताया कि रक्षाबंधन एक पवित्र त्यौहार है। ग्राम की बालिकाओं व महिलाओं द्वारा जवानों के लिए राखी भेजना गर्व की बात है।

**देशभक्ति की मिल रही प्रेरणा और संदेश**

प्रज्ञा, रागिनी, रिया, चांदनी, तमन्ना, रुचि, रिद्धि, सिद्धि, त्रेया, संध्या, तुषिता, दामिनी, भूमिका सहित बालिकाओं में उत्साह दिख रहा है। उनका कहना है कि देश की सेवा करने वाले वीर जवानों के लिए राखियों के साथ प्यार भरा संदेश भेज रहे हैं। आज हम सभी इसलिए सुरक्षित हैं, क्योंकि देश पर हमारे वीर सिपाही भाई पहरा दे रहे हैं। उन भाईयों तक हम बहनें राखियों के माध्यम से प्यार, दुलार भेजे है।

## खबर संक्षेप



### परसदा गौठान में 600 पौधे लगाए जाएंगे

**नवापारा-राजिम।** शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत परसदा के गौठान में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के तहत वृक्षारोपण कार्य शुरू हो गया है। इस परियोजना के तहत 600 पौधे लगाए जाएंगे। राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के मेट टीकू यादव ने बताया कि इस कार्य के लिए 1,75,000 रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है, जिसमें से 1,50,000 रुपये मजदूरी मूलक मनरेगा कार्य के लिए स्वीकृत किए गए हैं। यादव ने जानकारी दी कि अब तक लगभग 200 गड्ढों की खुदाई हो चुकी है और मनरेगा मजदूरों द्वारा खुदाई का काम जारी है। लगभग 100 पौधे लगाए जा चुके हैं। पौधारोपण से पहले गड्ढों की खुदाई कर उनमें वर्मी कंपोस्ट जैविक खाद डाली जा रही है। मनरेगा मजदूर कमलेश, जनक यादव, कोमल यादव सहित अन्य मजदूर इस कार्य में लगे हुए हैं। सभी पौधों की सुरक्षा, पानी और खाद की उचित व्यवस्था भी की गई है। यह संपूर्ण कार्य सरपंच रमेश वर्मा के मार्गदर्शन में कराया जा रहा है।

### खाद की किल्लत पर भड़के किसान, सरकार पर लगाया षड्यंत्र का आरोप

**श्यामनगर।** सहकारी समितियों में डीएपी खाद की किल्लत को लेकर किसानों का गुस्सा फूट पड़ा है। राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष होरीलाल वर्मा ने कहा कि खरीफ की बुवाई का समय निकलता जा रहा है, लेकिन किसानों को खाद नहीं मिल रही। सरकार पहले एनपीके और अब नैनो डीएपी का झांसा देकर किसानों को गुमराह कर रही है।



वर्मा ने आरोप लगाया कि सरकार नहीं चाहती कि किसान भरपूर उत्पादन कर सकें, ताकि समर्थन मूल्य पर कम धान खरीदी करना पड़े। यही वजह है कि बोनी के समय खाद का कृत्रिम संकट पैदा किया गया। अप्रैल में ही डिमांड लिखाने के बावजूद समय पर पर्याप्त खाद का स्टॉक और सहकारी समितियों तक भंडारण क्यों नहीं किया गया? जिला अध्यक्ष ने कहा कि सत्ता संरक्षण में कालाबाजारी हो रही है। सहकारी समितियों में खाद नहीं है, जबकि निजी दुकानों में किसानों से 2000 रुपए प्रति बोरी वसूले जा रहे हैं। कृषि विभाग और प्रशासन कार्रवाई करने के बजाय खामोश है। इससे किसानों में भारी आक्रोश है और प्रदेशभर में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। वर्मा ने कहा कि गरियाबंद जिले में स्थिति सबसे बुरी है। किसानों को सिर्फ आश्वासन मिल रहा है। सरकार की बदइंतजामी के कारण किसान जमाखोरों के शोषण का शिकार हो रहे हैं। पिछले साल एक्सपायर नैनो यूरिया बेचे जाने का मामला सामने आया था, इस बार भी नकली और घटिया उर्वरक बाजार में बिक रहा है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन सरकार का दावा करने वाली भाजपा सरकार केंद्र से छत्तीसगढ़ के हिस्से का डीएपी तक नहीं ला पा रही। सरकार की लापरवाही और मिलीभगत का खामियाजा किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

### सर्व समाज का चुनाव कर्मा सदन में 26 को

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़िया सर्व समाज महासंघ जिला इकाई की कार्यकाल पूर्ण होने पर 26 जुलाई 2025 शनिवार को कर्मा सदन बीटीआई के पास महासमुंद में दोपहर 1 बजे प्रदेशाध्यक्ष रमेश यदु और अन्य प्रदेश पदाधिकारियों की उपस्थिति में पुनर्गठन समाज प्रमुखों की सहमति से पदाधिकारियों का मनोनयन किया जाएगा। जिलाध्यक्ष बसंत सिन्हा, कार्यकारी जिलाध्यक्ष पवन पटेल, महामंत्री रेखराज बघेल ने बताया कि छत्तीसगढ़ के एससी-एसटी ओबीसी वर्ग के संवैधानिक व सामाजिक हितों के लिए यह संगठन 2018 में सभी समाज के प्रदेश अध्यक्षों ने मिलकर इस संगठन का गठन किया गया है।

**सौगात :** विधायक साहू ने किया निरीक्षण, लोक निर्माण विभाग को शीघ्र टेंडर जारी करने के निर्देश

# जिले में बनेगा कन्या कॉलेज भवन 4.65 करोड़ रुपए की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

राजिम विधायक रोहित साहू ने मंगलवार को शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय, गरियाबंद का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उनके साथ छत्तीसगढ़ शासन के मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष भरत मटियारा, भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, नगर पालिका अध्यक्ष रिखी यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान विधायक रोहित साहू ने कहा की हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है कि बेटियों को सशक्त, शिक्षित और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि शीघ्र ही गरियाबंद को एक आधुनिक और पूर्ण सुसज्जित कन्या महाविद्यालय भवन प्राप्त होगा। भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने इस मांग के पूरी होने पर खुशी जताई और इसके लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधायक रोहित साहू का धन्यवाद किया। शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय विगत दो वर्षों से शासकीय वीर सुरेंद्र साय महाविद्यालय भवन में द्विपालि सत्र (दो शिफ्टों) में संचालित हो रहा है, जिससे छात्राओं को पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही थी। छात्राओं को बेहतर शैक्षणिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक रोहित साहू ने मुख्यमंत्री से विशेष आग्रह कर 4 करोड़ 65 लाख 84 हजार की लागत से नवीन महाविद्यालय भवन की स्वीकृति दिलाई है। नवीन भवन के लिए ग्राम डोंगरी में पूर्व में आरक्षित 15 एकड़ भूमि को अब प्रशासन द्वारा विधिवत आवंटित कर दिया गया है। लोक निर्माण विभाग को भी समयसीमा में शीघ्र टेंडर जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए हैं।



### स्टाफ पूर्ति और पौधा रोपण पर भी जोर

महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा शैक्षणिक स्टाफ की पूर्ति और विषय स्वीकृति की मांग रखी गई, जिस पर विधायक साहू ने शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। अंत में, एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधा रोपण किया गया, जिसमें महाविद्यालय स्टाफ और जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, मंडल अध्यक्ष सुमित पारख, प्रशांत मानिकपुरी, हरीश साहू, पार्षदगण सूरज सिन्हा, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, प्रतीक तिवारी, धनराज विश्वकर्मा, पप्पू ठाकुर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# छुरा में श्रावण मास परायण जारी बेटियों की भागीदारी बनी प्रेरणा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर में प्रति वर्ष होने वाले श्रावण मास के मास पारायण का पाठ निरंतर जारी है मानस मंदिर में शिक्षक मानस परिवार एवं नगर वासियों द्वारा संध्या 6:00 बजे से 8:00 बजे तक भजन कीर्तन के साथ एक मास परायण का पाठ किया जाता है पिछले वर्षों की भांति इस वर्ष भी इस पाठ में प्रतिदिन बेटियां भी हिस्सा ले रही हैं और नियमित पाठ कर रही हैं शिक्षक मानस परिवार के अध्यक्ष विनोद कुमार देवांगन ने बताया कि बेटियों को संस्कारित करने की बात तो सभी करते है किन्तु इसे अमल में लाने का प्रयास सराहनीय होता है दो घंटे अपने किशोर बच्चों को मंदिर में भेजने की अपील मानस परिवार करता है सनातन संस्कृति मानने वाले परिवार अनुकरण करें प्रतिदिन मानस पाठ का लाभ सभी जानते हैं उसी प्रकार सावन मास परायण का भी विशेष महत्व है इस वर्ष भी मानस परायण में सदस्यों की संख्या में उतरोत्तर वृद्धि हुई है मानस पाठ में इस वर्ष भी नगर की बेटियां सुधा



शर्मा, मोनिका साहू, सविता पटेल, कावेरी पटेल, देविका पटेल भूमिका वर्मा, तारिका बेबी पटेल शामिल हो रही हैं साथ ही मानस पाठ में तबला वादन में सहयोग कर रहे मास्टर उपेंद्र पटेल को सभी का आशीर्वाद मिल रहा है मानस पाठ में कामता प्रसाद तिवारी, विनोद कुमार देवांगन, ललित कुमार वर्मा, मनहरण पटेल, हीरालाल साहू, ओमप्रकाश यादव, पोषण लाल वर्मा, पुखराज ठाकुर, विमल पुरोहित, रामकुमार साहू, केशव प्रसाद साहू, कैलाश पटेल, रुपेश कुमार शर्मा, रोशन शर्मा, घनशयाम सिन्हा, यज्ञेश पांडेय, नगर वासी तारा महराज, रमेश जायसवाल, गणेशुराम साहू, टाकेश साहू, महेश कुमार, रेवती सिन्हा आदि शामिल हो रहे हैं।

# छुरा नपा अध्यक्ष ने सभी वार्डों में नियुक्त किए प्रतिनिधि, विकास कार्यों को मिलेगी गति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

नगर पंचायत अध्यक्ष लुकेश्वरी निषाद ने नगर के सभी 15 वार्डों में नए प्रतिनिधियों की नियुक्ति की है। यह पहल नगर के सुदृढ़ विकास और जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण के उद्देश्य से की गई है। लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने बताया कि चूंकि हर जगह एक साथ पहुंच पाना मुश्किल होता है, इसलिए इन प्रतिनिधियों को नियुक्त किया गया है ताकि वे अध्यक्ष के दिशा-निर्देश में नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ-साथ वार्ड पार्षदों के साथ सामंजस्य बिठाकर प्रत्येक वार्ड को विकास की ओर अग्रसर कर सकें। अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंह निषाद ने 21 जुलाई, 2025 को इन नियुक्तियों की घोषणा की है, जो तत्काल प्रभाव से लागू हो गई हैं। अध्यक्ष ने सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों से इन प्रतिनिधियों के कार्यों में सहयोग करने की अपील की है। इस नियुक्ति पर नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों और वरिष्ठजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।





### नियुक्त किए गए प्रतिनिधि इस प्रकार हैं

- वार्ड नं 01: दुलम बाई
- वार्ड नं 02: राजकुमारी साहू
- वार्ड नं 03: संतोषी साहू
- वार्ड नं 04: कुन्ती परसु यादव
- वार्ड नं 05: भगवती सिन्हा
- वार्ड नं 06: नंदनी कोपेश्वर साहू
- वार्ड नं 07: फूलबाई धनेंद्र यादव
- वार्ड नं 08: भारती रितेंद्र सिन्हा
- वार्ड नं 09: नंदनी नोवेन्द्र देवांगन
- वार्ड नं 10: माहेश्वरी नेहरु साहू
- वार्ड नं 11: सुनीता चंद्राकर
- वार्ड नं 12: कामनी कृपाशंकर यादव
- वार्ड नं 13: कंचन कुलेश्वर सिन्हा
- वार्ड नं 14: कुमारी बाई निषाद
- वार्ड नं 15: रूपा पूरन निषाद

# कुलेश्वरनाथ मंदिर में शिवभक्तों का जनसैलाब लोमश ऋषि आश्रम में 30 वर्षों से जारी है भंडारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

श्रावण मास को श्रद्धा और भक्ति का पर्व माना जाता है। इस पूरे माह में कांवरियों और शिवभक्तों का अंचल के प्रसिद्ध देवालय श्री कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर में सैलाब उमड़ पड़ता है। त्रिवेणी संगम के मध्य स्थित यह मंदिर भक्तों की गहरी आस्था का केंद्र है। किवदंती है कि वनवास काल के दौरान माता सीता ने यहां रुककर अपने आराध्य भगवान शंकर के लिए बालू से शिवलिंग का निर्माण किया था। माता सीता की उंगलियों से पांच धाराएं बहने के कारण यह शिवलिंग पंचमुखी स्वरूप ले लिया, जिसके बाद उन्होंने भगवान शिव की पूजा-अर्चना की। यह शिवलिंग ही बाद में कुलेश्वरनाथ महादेव के नाम से विख्यात हुआ। पुरातत्ववेत्ता बेलगर के अनुसार, इस मंदिर को आठवीं-नौवीं शताब्दी का माना जाता है।

कुलेश्वरनाथ मंदिर से कुछ ही कदम की दूरी पर प्राकृतिक हरियाली से घिरा लोमश ऋषि का आश्रम स्थित है, जो लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रमुख केंद्र है। इस आश्रम में विगत 30 वर्षों से लगातार भंडारे का आयोजन किया जा रहा है।



इस वर्ष भी सावन माह में श्री कुलेश्वरनाथ सेवा समिति के बैनर तले भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। यह भंडारा मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं, शिवभक्तों और आमजनों के लिए भोजन की व्यवस्था करता है, साथ ही उनके रुकने और ठहरने की भी व्यवस्था की गई है ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। भंडारे की पूरी व्यवस्था देख रहे राजू साहू ने बताया कि बाबा के भक्तगण स्वयं राशन सामग्री लाकर देते हैं और दानदाता अपनी सेवा भी प्रदान करते हैं, जिससे यह व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो रही है। कांवरियों और शिवभक्तों के लिए सुबह चाय और नाश्ते की व्यवस्था है, वहीं दोपहर में भोजन प्रसादी की भी व्यवस्था की गई है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग भोजन प्रसादी ग्रहण कर रहे हैं। यह व्यवस्था पूरे सावन भर जारी रहेगी। भंडारे की व्यवस्था में समिति के सदस्यगण लगातार लगे हुए हैं।

# नवोदय विद्यालय क्षेत्रीय कबड्डी में रायपुर संकुल का शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाण्डुका

पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय ग्वालियर (मध्य प्रदेश) में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय कबड्डी मीट 2025-26 में पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय पाण्डुका, जिला-गरियाबंद ने रायपुर संकुल टीम का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया। इस प्रतियोगिता में रायपुर संकुल के विभिन्न जवाहर नवोदय विद्यालयों से लगभग 24 बालक और 24 बालिकाओं ने हिस्सा लिया।

इस गौरवशाली उपलब्धि में अनुरक्षक शिक्षिका कल्पना बोरकर (टीजीटी पीईटी), डॉ. ठाकुर राम साहू (टीजीटी कला), उपेंद्र यादव (टीजीटी पीईटी) और सगाबती भास्कर (टीजीटी पीईटी) की भूमिका सराहनीय रही। रायपुर संकुल की इस सफलता ने न केवल क्षेत्र का मान बढ़ाया, बल्कि खिलाड़ियों में आत्मविश्वास और टीम भावना को भी सशक्त किया। विद्यालय की प्रभारी प्राचार्य महिमा सिन्हा ने सभी खिलाड़ियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।




### कई वर्गों में खिताब अपने नाम किए

- अंडर 14 बालक वर्ग: विजेता
- अंडर 17 बालिका वर्ग: विजेता
- अंडर 17 बालक वर्ग: उपविजेता
- अंडर 19 बालिका वर्ग: उपविजेता

### डिंपल ने जनजातीय व वनांचल क्षेत्रों का दौरा कर जाना हालचाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

जनजातीय समुदाय भारत का 'आदि समुदाय' है, जो भारत की परंपरा में रचा-बसा हुआ है और पुरातन परंपरा को मजबूती प्रदान करता है। भारत सरकार और छत्तीसगढ़ सरकार अनुसूचित जनजातियों के विकास और कल्याण के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चला रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल ध्रुव ने जनजातीय और वनांचल क्षेत्रों में लगातार दौरा कर हालचाल जान रही हैं और पाया कि राज्य एवं केंद्र सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं का लाभ उठाकर अनुसूचित जनजाति के लोग अपने जीवन में सुधार ला रहे हैं। इन योजनाओं में प्रधानमंत्री जन मन योजना के अंतर्गत पक्का मकान, प्रधानमंत्री आवास के अंतर्गत पक्का मकान, धरती आबा कार्यक्रम के तहत विभिन्न योजनाओं की जानकारी और सीधे लाभ, और मातृ शक्ति को संबल प्रदान करने वाली महतारी वंदन योजना जैसे और अनेक योजनाएं शामिल है।

# संयुक्त संचालक संजीव श्रीवास्तव ने ओ मेरी पाठशाला की सराहना की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

स्कूल शिक्षा विभाग के नवपदस्थ संयुक्त संचालक, संजीव श्रीवास्तव, का राजिम के पंडित रामबिशाल पाण्डेय सेजेस (स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय) में प्रथम आगमन पर विद्यालय परिवार ने आत्मीय स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान, संस्था के वरिष्ठ व्याख्याता एवं एनसीसी अधिकारी सागर शर्मा ने अपनी काव्य कृति 'ओ मेरी पाठशाला' संयुक्त संचालक को भेंट स्वरूप प्रदान की। संयुक्त संचालक श्रीवास्तव ने पुस्तक के शीर्षक, विषयवस्तु और रचनाकार की भावनात्मक अभिव्यक्ति की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि यह कृति न केवल एक शिक्षक की संवेदनाओं को व्यक्त करती है, बल्कि यह विद्यार्थियों और शिक्षकों के बीच के आत्मीय संबंधों को भी दर्शाती है। उन्होंने व्याख्याता शर्मा को उनके इस साहित्यिक प्रयास के लिए बधाई दी और आगे भी सृजनात्मक लेखन के लिए प्रेरित किया।



इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी फिंगेश्वर रामेन्द्र जोशी, बीआरसीसी सुभाष शर्मा, प्राचार्य संजय एक्का, व्याख्याता विवेक शर्मा (राष्ट्रीय आईटी सेल प्रभारी कर्मचारी एवं अधिकारी संगठन), शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष सुजाता शर्मा, स्थायी सदस्य लोकेश पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि खुशी साहू, सांसद प्रतिनिधि सोमनाथ पटेल, विजेता देवानी, संजीव साहू, सलमा कौसर, महेंद्र कश्यप सहित विद्यालय के शिक्षकगणों में व्याख्याता बी एल ध्रुव, कमल सोनकर, समीक्षा गायकवाड़, नीता यादव, सरिता साहू, कैलाश साहू, अंगेश गंगेले, साक्षी जपे, प्रणिती चंद्राकर ने भी कृति में रुचि दिखाई और रचनाकार को शुभकामनाएं दीं।

**सब्जी के दामों में अचानक उछाल आने से लोग बेहद परेशान**

# सब्जियों के दाम में वृद्धि से बिगड़ा रसोई का स्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एक ओर जहां किसानों को खेतों में व्यस्त कर दिया है, वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर आम आदमी की रसोई पर पड़ रहा है। सब्जियों की कीमतों में अचानक भारी उछाल देखा जा रहा है। खासकर सेमी, गोभी, टमाटर और भिंडी जैसी रोजमर्रा की सब्जियां अब आम आदमी की थाली से दूर होती जा रही हैं। बारिश के चलते किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं, जिससे स्थानीय सब्जियों की आवक थम गई है। यही वजह है कि अब सब्जियों की आपूर्ति बड़े शहरों से हो रही है, जिसके कारण दाम तेजी से बढ़े हैं। एक सप्ताह पहले जो सब्जियां 30 से 40 प्रति किलो बिक रही थीं, वे अब 80 से 100 प्रति किलो तक पहुंच गई हैं।

- स्थानीय सब्जियों की आवक कम होने से बढ़े दाम



### सब्जियों के दाम इस प्रकार हैं

टमाटर: 60 प्रति किलो
परवल: 80 प्रति किलो
फूलगोभी: 150 प्रति किलो
पत्तागोभी: 60 प्रति किलो
लौकी: 40 से 50 प्रति किलो
मिर्च: 180 प्रति किलो
धनिया: 300 प्रति किलो
भिंडी: 80 प्रति किलो
बैंगन: 70 प्रति किलो
कुम्हड़ा (कद्दू): 60 प्रति किलो
मूली: 40 प्रति किलो

### बारिश की विशेष सब्जी 'खेखसी' 300 रुपए प्रति किलो

खासकर बारिश के दिनों में मिलने वाली देसी सब्जी खेखसी इन दिनों मैनपुर क्षेत्र में 300 प्रति किलो तक बिक रही है। यह सब्जी उन जगहों पर उगती है जहां घने कटीले पेड़-पौधे होते हैं। खेखसी साल में सिर्फ 1 से 2 महीने तक ही बाजार में दिखाई देती है और इसे काफी प्रोटीन युक्त सब्जी के रूप में जाना जाता है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजिम जिला-गरियाबंद (छ.ग.)**
Email Id- sdmrajim2018@gmail.com

**:: उद्घोषणा ::**

रा.प्र.क्र. अ/2 वर्ष 2024-25
ग्राम-बासीन, प.ह.नं. 19 तहसील-राजिम
दिनांक 17/7/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री नवीन प्रकाश गुप्ता पिता श्री रामगोपाल गुप्ता, निवासी-बासीन, तहसील-राजिम, जिला-गरियाबंद द्वारा ग्राम- बासीन, तहसील- राजिम, जिला-गरियाबंद स्थित भूमि खसरा नंबर 2730/2 रकबा 0.12 हे. भूमि को औद्योगिक प्रयोजन में पुनः निर्धारण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भूमि को औद्योगिक प्रयोजन हेतु पुनः निर्धारण किये जाने में किसी भी व्यक्ति को आपत्ति हो वह अपनी आपत्ति/दावा स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से उद्घोषणा दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकता है नियत अवधि पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालीन पद मुद्रा से आज दिनांक 17/7/25 को जारी किया गया।

मुहर

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.), राजिम**

## खबर संक्षेप



### सरहद पर तैनात जवानों को भेजी गईं राखियां

**राजिम।** देश की सुरक्षा सीमा में तैनात बॉर्डर के जवानों के लिए रक्षाबंधन के लिए राखी एकत्रित करने के लिए नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रेखा-जितेंद्र सोनकर, महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अनिता यादव ने सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में जवानों के लिए राखी भिजवाया।

### मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन 25 को

**गरियाबंद।** जिला मुख्यालय गरियाबंद के वन विभाग ऑक्सन हॉल में शुक्रवार 25 जुलाई को मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जायेगा। महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि 26 जून 2025 को आयोजित जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में जिले में कुपोषण दर को कम करने का निर्णय लिया गया था। जिला प्रशासन के प्रयास से जिले के 920 गंभीर कुपोषित बच्चों का पहले स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाएगा। जिसमें राजधानी रायपुर के बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल के प्रसिद्ध शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक भट्टर एवं उनके टीम द्वारा जिले के कुपोषित बच्चों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया जाएगा। इसके पश्चात गंभीर कुपोषित बच्चों को समाजसेवी संस्थाओं / समाजसेवियों / जनप्रतिनिधियों/जिला स्तरीय नोडल अधिकारियों को गोद दिलाया जाएगा। इसी प्रकार रविवार 27 जुलाई को सांस्कृतिक भवन छुरा में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इसके उपरांत विकासखण्ड फिंगेश्वर, मैनपुर और देवभोग में मेगा हेल्थ शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों, समाजसेवी संस्थाओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, व्यापारी संगठनों के द्वारा गभीर कुपोषित बच्चों को उत्साहपूर्वक गोद ले रहे है, ताकि जिले के कोई भी बच्चे कुपोषित न रहे। उन्होंने बताया कि अभी तक जिले के 680 बच्चों को गोद लिये जा चुके हैं।

**समस्या : बारिश होते ही सिंगल सड़क में लगता है वाहनों का जाम, राहगीर परेशान**

# मैनपुर-झरियाबाहरा-गोहरापदर मार्ग में सड़क किनारे गड्ढों से बढ़ रहे हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग 130 (अभनपुर से देवभोग-ओडिशा सीमा तक) का मैनपुर-झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा-गोहरापदर तक का हिस्सा दशकों से सिंगल लेन और जर्जर हालत में है, जिससे क्षेत्र की जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के मौसम में यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है, जिससे आए दिन सड़क हादसे और जाम की स्थिति निर्मित हो रही है।

इस 55 किलोमीटर के हिस्से में सड़क किनारे की पटरियां पूरी तरह से गायब हैं और कई जगहों पर 3-4 फीट गहरे गड्ढे बन गए हैं। सिंगल लेन होने के कारण वाहनों को साइड देने में भारी दिक्कत आती है, जिससे कई बार वाहन गड्ढों में गिरकर पलट जाते हैं। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग विशेष रूप से खतरनाक है, जहां थोड़ी सी चूक भी बड़े हादसे का कारण बन जाती है। तौरेंगा, जुंगाड़, कोयबा, इंदागांव और मोड़ जैसे स्थानों पर तो दुर्घटनाएं आम बात हो गई हैं।





### स्थानीय नेताओं ने उठाई आवाज

बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने इसे मौत का सड़क करार दिया है और कहा है कि झरियाबाहरा से मंदागमुड़ा तक सड़क का चौड़ीकरण किया जाना चाहिए ताकि क्षेत्र के लाखों लोगों को आवागमन में सुविधा मिले और विकास को गति मिल सके। उन्होंने जल्द ही इस सड़क के उत्थान के लिए लड़ाई लड़ने की बात कही है। बिन्द्रानवागढ़ के पूर्व विधायक और भाजपा के वरिष्ठ नेता डमरूधर पुजारी ने भी इस समस्या पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बारिश के दिनों में सड़क किनारे के गड्ढों को तत्काल भरने और यात्रियों की परेशानी दूर करने की मांग की है। पुजारी ने कहा कि वे जल्द ही इस मामले को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री और लोक निर्माण मंत्री से मुलाकात कर समस्या के समाधान की मांग करेंगे। क्षेत्र की जनता लंबे समय से इस सड़क के चौड़ीकरण की मांग कर रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है, जिससे उनमें भारी आक्रोश है।

# रसेला में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अखिल विश्व गायत्रीपरिवार शांति कुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में वर्ष 2026 में, गायत्री परिवार के संस्थापक परम वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा जी का जन्म शताब्दी मनाया जाना है, जिसके पूर्व 2025 में ही क्षेत्रों में यज्ञ कार्यक्रम संपन्न होगा। गरियाबंद जिले में दो बड़े यज्ञीय कार्यक्रम संपन्न होंगे। इस वर्ष जिले को अभी तक अखिल विश्व गायत्री परिवार के मुख्यालय शांतिकुंज हरिद्वार के द्वारा दो कार्यक्रम प्राप्त हो चुका है। तथा तीसरा कार्यक्रम अमली पदर् का मांग लंबित है। जो कार्यक्रम प्राप्त हुआ है उसमे नगर पंचायत कोपरा को 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ ,तथा छुरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रसेला को 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्राप्त हुई है। नगर पंचायत कोपरा में 51 कुंडीय यज्ञ 23 दिसंबर को जल कलश यात्रा के साथ प्रारंभ होगा जिसका समापन 26 दिसंबर 2025 को होगा। तथा रसेला में 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 9दिसंबर को भव्य जल कलस यात्रा के साथ प्रारंभ होगा तथा समापन 12 दिसंबर 2025 को होगा। इस प्रकार से गरियाबंद जिले के अंतर्गत दो कार्यक्रम अभी स्वीकृत हो पाया है। जिला समन्वयक टीकम राम साहू ने बताया की वर्ष 1926 में परम पूज्य गुरुदेव ने अखंड दीपक प्रज्वलित कर 24 लाख के 24 महापुरुश्चरण उस अखंड दीपक के समक्ष किए थे जिसका शताब्दी वर्ष है ।तथा माता भगवती देवी का भी जन्म शताब्दी



वर्ष 2026 है। इस प्रकार से दोनों कार्यक्रम की तैयारी में गरियाबंद जिले में लगभग 200 से ज्यादा कार्य कर्ता 40 दिवसीय अनुष्ठान 1.25लाख गायत्री मंत्र का जप के साथ तथा मंत्र लेखन का विशेष साधना कर रहे हैं। तथा रचनात्मक आंदोलन भी चला रहे हैं जैसे वृक्षएरोपण, बाल संस्कार शाला स्कूलों में नशा मुक्ति अभियान ग्राम- ग्राम में अखंड जाप का कार्यक्रम, गायत्री परिवार विभिन्न ग्रामों में देव स्थापना का कार्यक्रम, गरियाबंद जिले के समस्त स्कूलों में सत संकल्प फोल्डर का निशुल्क वितरण सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की श्रृंखला चल रही है।

# पार्थिव शिवलिंग बनाने उमड़ी शिव भक्तों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

अग्रवाल परिवार द्वारा निर्मित श्री राधाकृष्ण मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का निर्माण शहर के भक्तों द्वारा किया जा रहा है। दूसरे सोमवार को रिकार्ड 98109 पार्थिव शिवलिंग का निर्माण हुआ। पहले श्रावण से डेढ़ गुना संख्या में निर्माण हुआ। यह आयोजन दद्दा शिष्य मंडल एवं राधाकृष्ण मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में होता है जैसे ही निर्माण पूरा हुआ भक्तों तक बेलपत्र,कनेर के पुष्प जल,दुध, पंचामृत ,दीपक,पूजन सामग्री पहुंचाई गई। इस आयोजन में अंचल की ख्याति प्राप्त स्वर कोकिला अर्चना साहू,एवं दीपक श्रीवास ने भजनों का ऐसा समा बांधा की भक्तों की तो छोड़िए दद्दा शिष्य मंडल ,ट्रस्टी गण झूमने व नाचने लगे। राधाकृष्ण मंदिर के प्रांगण में पहली बार अर्चना साहू का कार्यक्रम हुआ।इसके बाद देवेंद्र शर्मा ने अपने ब्राम्हण वृन्दो के साथ मंत्रों के उच्चारण के बीच विधि विधान से अभिषेक एवम आरती करवाई गई, इसके बाद क्या महिला,क्या पुरुष छोटे छोटे बच्चे भी पार्थिव शिवलिंग की थाल को अपने सिर पर रखकर कतारबद्ध होकर महानदी मैया में विसर्जन किया। इसके बाद सभी भक्तों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। आज के इस आयोजन में विधायक इंद्रकुमार साहू, नगरपालिका अध्यक्ष ओमकुमारी साहू,मंडल अध्यछ नागेंद्र वर्मा,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष एवं रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य विजय गोयल एवम अपर कलेक्टर रायगढ़ राकेश गोलछा भी इस आयोजन में शामिल हुए। आयोजको ने भक्तों से अपील करते हुए कहा कि तीसरे श्रावण सोमवार 28 जुलाई को शहस्त्र जलधारा का कार्यक्रम होगा। मानव श्रृंखला बनाकर हजारों भक्त महानदी मैया के पास से खड़े होकर मंदिर के अंदर शिवपरिवार तक एक दूसरे के हाथ मे जल को देते हुए भगवान भोलेनाथ के ऊपर सहस्त्र जलधारा अर्पित करेंगे। इसलिए उस दिन शिवलिंग निर्माण सुबह 8 बजे से सुबह 10 बजे तक होगा उसके बाद सहस्त्र जलधारा एवम विशाल भजनों के कार्यक्रम के साथ ही भोजन महाप्रसादी भी होगी। अपील करते हुए कहा गया कि आने वाले सोमवार को अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर दो दो पुण्य लाभ प्राप्त करे पहले पार्थिव शिवलिंग निर्माण का फिर भगवान भोलेनाथ पर सहस्त्र जलधारा अर्पित करेंगे।



सोमवार को रिकार्ड 98109 पार्थिव शिवलिंग का हुआ निर्माण

# कांग्रेस का प्रदर्शन, ईडी की द्वेषपूर्ण कार्रवाई के खिलाफ चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रवीण साहू और जिला पंचायत सदस्य यशवंत साहू के नेतृत्व में मोहन ढाबा के पास चक्काजाम कर धरना प्रदर्शन किया गया। यह विरोध प्रदर्शन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नवापारा व अभनपुर के कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक किया गया। इस दौरान सभी वाहनों के पहिए थमे रहे, हालांकि एम्बुलेंस, स्कूल वाहन, मरीज और परीक्षा देने वाले छात्र-छात्राओं को नाकेबंदी से छूट दी गई थी।

**ईडी की कार्रवाई पर कांग्रेस का आक्रोश-** धरना प्रदर्शन से लौटकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ शर्मा और महामंत्री राजा चांवला ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा कांग्रेस नेताओं के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि पूर्व मंत्री कवासी लखमा को हिरासत में रखा गया है, विधायक देवेंद्र यादव को छह महीने तक हिरासत में रखा गया था, और अब पूर्व मुख्यमंत्री के पुत्र चैतन्य बघेल को हिरासत में रखा गया है, जबकि चैतन्य बघेल का राजनीति से कोई लेना-देना नहीं है। श्री शर्मा ने बताया कि इन्हीं वजहों से आक्रोशित होकर कांग्रेसियों ने पूरे छत्तीसगढ़ में नाकेबंदी करते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस धरना प्रदर्शन में नगर पालिका नवापारा के पूर्व अध्यक्ष धनराज मध्यानी, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष जीत सिंह, चतुर जगत, चंद्रहास साहू, गिरधारी साहू, शेखर बाफना, राकेश सोनकर, दीपाली राजपूत, रेखा तिवारी, टिकेश गिलहरे, अर्जुन साहू, फागु देवांगन, हेमंत साहनी, रामा यादव, निर्माण यादव, रामरतन निषाद, तरुण कंसारी, सुनील साहू, अनूप खरे, रामकुमार शर्मा, मितेश शाह, सौरभ सोनी, बल्लू देवांगन, घनश्याम साहू, अजय गाड़ा, प्रतीक साहू, मानसिंह ध्रुव, जितेंद्र कोसरे, राजा ठाकुर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल थे।



# नेवता भोज कार्यक्रम में शामिल हुए इंद्रजीत





हरिभूमि न्यूज ⏭ कोपरा

क्षेत्र के प्राथमिक शाला सुरसाबांधा स्कूल में मंगलवार को गांव के ही रामनाथ साहू के नाती के जन्मदिन के अवसर पर स्कूल में नेवता भोज का कार्यक्रम रखा गया था. जिसमें क्षेत्र के ऊर्जावान मिलनसार युवा जिला पंचायत सदस्य इंद्रजीत महाडिक कार्यक्रम में शामिल हुए कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता की छाया चित्र पर पूजा अर्चना स्कूल के नन्हे नन्हे बच्चों को खीर पुड़ी परोस किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे इंद्रजीत महाडिक ने कहा कि सभी बच्चे नियमित स्कूल पहुंचे और अपने स्वास्थ्य कभी ध्यान रखें क्योंकि स्वास्थ्य ठीक रहेगा तभी अच्छी शिक्षा प्राप्त होगी और उसमें बढ़ोतरी होगी। लोगों को रोटी कपड़ा मकान जीवन जीने के लिए अति आवश्यक होती है और जीवन जीने के लिए शिक्षा भी एक महत्वपूर्ण होती है सभी उपस्थित शिक्षक और ग्रामवासी तथा नेता भोज कर रहे रामनाथ साहू को बधाई देते हुए अपने वाणी को विराम दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे सीमा शर्मा ने भी बच्चों को उनके भविष्य के बारे में विस्तृत रूप से समझाया बताया और नेता भोज कार्यक्रम में अपना हाथ बात कर बच्चों को मुंह मीठा कराया। इस दौरान कार्यक्रम सरपंच, जनपद, पंच और गांव के युवा साथी तथा शिक्षक गण मौजूद रहे वह जिला पंचायत के साथ सामाजिक कार्यकर्ता रोशन लाल, रवि निर्मलकर , बंटी सूर्यश मौजूद रहे।

# निर्धन छात्राओं व दिव्यांगजनों की मदद के लिए सावन उमंग शॉपिंग एग्जीबिशन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा-राजिम

नगर की सेवाभावी सामाजिक संस्था अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल के तत्वावधान में नगर के श्री राधाकृष्ण मंदिर के वृंदावन कुंज में उमंग सावन शापिंग एग्जीबिशन का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना और नारी सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करना एवं बढ़ावा देना है। इस आयोजन से होने वाली आय को नगर की विभिन्न शालाओं के जरुरतमंद छात्राओं की पढ़ाई लिखाई ,उनके स्वास्थ लाभ, वैक्सीनेशन एवं अन्य सेवा के कार्यों में लगाए जायेंगे। इस एग्जीबिशन में ना केवल छतीसगढ़ के रायपुर, धमतरी बल्कि अन्य स्थानो जैसे कोलकाता जयपुर एवं ओडिसा से भी स्टाल्स लगाए गए। जहाँ महिलाओं ने अपनी कला के साथ साथ व्यापारिक कौशल का भी परिचय दिया। अग्रवाल नवजागरण महिला मंडल के आयोजन में शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन को सफल बनाने मे मंडल के प्रत्येक सदस्यों ने कड़ी मेहनत की । सेवा भाव की इस कड़ी से जुडने के लिए लोग स्वयं आगे आ रहे हैं। संस्था के लिए यह एक गर्व की बात है। आयोजक मंडल की अध्यक्ष एवं सभी कार्यकताओं ने नगरवासियों, पत्रकारों एवं अन्य सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।





**सुंदरकेरा में किसान सदन, रंगमंच, सौंदर्यीकरण की मिली सौगात**

# सहकारिता, पारदर्शिता और विकास पर विधायक इंद्रकुमार का जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवापारा राजिम

किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, नीलकंठ साहू ने सुन्दरकेरा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति में प्राधिकृत अधिकारी का पदभार ग्रहण कर लिया है। उनका शपथ ग्रहण समारोह सुन्दरकेरा पंचायत भवन चौक के पास आयोजित हुआ, जहाँ विधायक इंद्र कुमार साहू ने उन्हें विधिवत शपथ दिलाई। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, स्थानीय जनप्रतिनिधि, समिति के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

**विधायक ने की किसान हित में बड़ी घोषणाएं-** विधायक इंद्र कुमार साहू ने किसानों के हित में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं। उन्होंने 13 लाख 50 हजार रुपये की लागत से किसान सदन निर्माण और 5 लाख रुपये से रंगमंच सौंदर्यीकरण की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, गांव में आंगनबाड़ी भवन और सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन भी किया गया।

**जनसभा में सहकारिता और विकास पर जोर-** जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक इंद्र कुमार साहू और पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने जनता को सहकारिता को मजबूत करने, पारदर्शिता लाने और विकास की दिशा में काम करने का भरोसा दिलाया। मंडल अध्यक्ष नागेन्द्र वर्मा ने संगठनात्मक बातें बताते हुए किसानों के प्रति पूर्ण जवाबदेही और ईमानदारी से कार्य करने पर जोर दिया।

**पर्यावरण संरक्षण और सेवा का संकल्प-** कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा से हुई। साथ ही, एक पेड़ मां के नाम/" अभियान के तहत पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। नवनियुक्त प्राधिकृत अधिकारी नीलकंठ साहू ने पदभार ग्रहण करते हुए किसानों की सेवा करने और भारतीय जनता पार्टी का नाम रोशन करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि किसान अन्नदाता हैं और उनकी सेवा सर्वोपरि है।

इस अवसर पर समिति प्रबंधक बरखा रानी साहू, जिला पंचायत सदस्य चन्द्रकला ध्रुव, भाजपा रायपुर ग्रामीण जिला मंत्री परदेसी राम साहू, जनपद उपाध्यक्ष खेलूंराम साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष ओमकुमारी संजय साहू, उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, सरपंच धनेश्वर टण्डन, रवि साहू, धीरज साहू, धनमति साहू, टिकेंद्र साहू, अखिलेश ठाकुर, थानेंद्र साहू, योगेंद्र ध्रुव, सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद रहे।





